पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

चर्चा में क्यों?

भारत के प्रथम [प्रधानमंत्री](#) **पंडित जवाहरलाल नेहरू** की पुण्यतिथि **27 मई 2025** को मनाई गई। उन्हें **आधुनिक भारत के निर्माता** के रूप में याद किया जाता है।

मुख्य बिंदु

जवाहरलाल नेहरू के बारे में:

- **प्रारंभिक जीवन:**
  - उनका जन्म **14 नवंबर 1889 को** प्रयागराज में हुआ। वर्ष **1912 में बाँकीपुर (पटना)** में एक प्रतिनिधि के रूप में अपने **पहले कॉन्ग्रेस** सत्र में भाग लिया और वर्ष **1916** में एनी बेसेंट **की होम रूल लीग** में शामिल हो गए, **वर्ष 1919 में उन्हें इस लीग का इलाहाबाद सचिव चुना गया।**
- **स्वतंत्रता संग्राम में योगदान:**
  - वे वर्ष **1929 के लाहौर अधिवेशन** में **कॉन्ग्रेस अध्यक्ष चुने गए,** जिसमें पूर्ण स्वतंत्रता के लिये ऐतिहासिक **पूर्ण स्वराज प्रस्ताव पारित किया गया और बाद में उन्होंने समाजवाद को बढ़ावा देते हुए वर्ष 1936 के लखनऊ** एवं वर्ष **1937 के फैजपुर** अधिवेशनों की अध्यक्षता की।
    - उन्होंने मौलिक अधिकार और आर्थिक नीति (वर्ष 1929-31) **का मसौदा तैयार किया,** जिसे **सरदार पटेल** के तहत वर्ष **1931 के कराची अधिवेशन में अपनाया गया एवं भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) के सैनिकों** के लिये कानूनी सुरक्षा प्रदान करने का समर्थन किया।
    - उन्होंने वर्ष 1946 में **अंतरिम सरकार का नेतृत्व किया।**
  - **स्वतंत्रता के बाद: वर्ष 1953** में, उन्होंने राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया, **पंचवर्षीय योजनाओं** के माध्यम से **औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया और** गुटनिरपेक्ष आंदोलन **का** नेतृत्व किया।
- **पुरस्कार:**
  - उन्हें भारत रत्न **(वर्ष 1955)** और **विश्व शांति परिषद पुरस्कार (मरणोपरांत, 1970) से सम्मानित किया गया।**
- **साहित्यिक योगदान:**
  - **भारत की खोज** एक **आत्मकथा, विश्व इतिहास की झलकियाँ** और **एक पिता के अपनी पुत्री को पत्र।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/death-anniversary-of-pandit-jawaharlal-nehru-1